आईआईएम नागपुर ने शुरू किया सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम

भास्कर प्रतिनिधि | नागपुर

उद्योग जगत में उच्च पदों पर कार्यरत उद्यमियों को अकादमिक बारिकियों से अवगत कराने के लिए आईआईएम नागपुर ने सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की है। दावा है कि आईआईएम नागपुर एकमात्र ऐसा नई पीढ़ी का आईआईएम है, जिसने इस प्रकार का पाठ्यक्रम अपने यहां शुरू किया है। एक वर्ष के प्रशिक्षण के लिए संस्थान ने 110 कंपनियों से 125 अभ्यर्थियों को स्वीकारा है। पूरी बैच का औसत कार्यानुभव 18 वर्ष के करीब है। हाल ही में हुए उद्घाटन समारोह में आईआईएम बीओजी अध्यक्ष सीपी गुरुनानी ने कहा कि उद्योग जगत में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने कार्यानुभव और अकादमिक शिक्षा के बीच समन्वय स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस एसएमपी के जरिए उन्हें लगातार स्वयं को अपडेट रख कर इंडस्ट्री के लिए उपयोगी बने रहने का मौका मिलेगा। उन्होंने प्रशिक्षुओं को अपने कार्यानुभव और अकादमिक ज्ञान का उपयोग करके मैनेजर-आंत्रप्रेन्यौर बनने की सलाह दी। आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराया मैत्री ने संस्थान के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया। समारोह को डा. अतुल अरुण पाठक, अध्यक्ष प्रोग्राम डायरेक्टर और अनिश श्रीकृष्णा ने भी संबोधित किया।

Dainik Bhaskar 01/09/2021